CATALYST COLLEGE
(A Unit of Vijayam Educational Trust, A registered Non-Profit Charitable Trust)
Affiliated to Patliputra University,Patna

कोरोना से जंग, कैटलिस्ट कॉलेज ने शुरू किया 'स्टडी फ्रोम होम'

कैटलिस्ट कॉलेज की अनूठी पहल, छात्रों के लिए शुरू की गई ऑनलाइन लाईव क्लासेज़

छात्रों को व्हाट्सप पर भेजा जा रहा हैं 'वीडियो लेक्चर्स' और दिया जा रहा है 'वर्क फ्रोम होम' असाइनमेंट्स

जहां पूरे देश में कोरोना वायरस ने कहर मचा रखा है, जनजीवन लगभग ठप्प हो चला है और कोरोना वाइरस के खतरे के मद्देनजर जहाँ देश में सभी शिक्षण संस्थाओं की गतिविधियां को रोक दिया गया है, वैसी परिस्थिति में विजयम एजुकेशनल ट्रस्ट के सिमेज समूह के अंतर्गत संचालित 'कैटलिस्ट कॉलेज' ने एक अनूठी पहल की है | इस अवसर पर जानकारी प्रदान करते हुये कैटलिस्ट कॉलेज के निदेशक नीरज अग्रवाल ने कहा कि 'कॉलेज के छात्रों की पढ़ाई प्रतिकूल रूप से प्रभावित नहीं हों, इसकी भरपाई के लिए कैटलिस्ट कॉलेज द्वारा छात्रों की 'ऑन-लाईन' पढ़ाई का इंतजाम किया गया है | सभी शिक्षको को 'वर्क फ्रोम होम' की सुविधा प्रदान की गई है | ये सभी शिक्षक अपने संबन्धित विषयों के वीडियो लेक्चर्स बनाकर कैटलिस्ट कॉलेज के सोशल मीडिया पेज पर अपलोड कर रहें है | सभी क्लासेज के लिए अलग-अलग व्हाट्सप ग्रुप्स बनाएँ गया हैं एवं गूगल एजुकेशन पोर्टल के माध्यम से छात्र अपने असाइनमेंट को बनाकर वहीं सबमिट भी करते हैं | यू-ट्यूब पर लाईव ऑनलाइन क्लासेज संचालित करने की भी व्यवस्था की गई है, जिसमे निर्धारित समय पर छात्र अपने घर से ही लॉगिन करके लाईव क्लास अटेण्ड कर पाते हैं | छात्रों को संबन्धित विषयों को देखकर अपने डाउट को, कमेन्ट के माध्यम से उठाने का मौका भी प्रदान किया जा रहा है एवं सभी विषयों पर छात्रों की जिज्ञासा और जरूरत के अनुसार डाउट क्लैरीफिकेशन के वीडियो क्लासेज भी बनाये जा रहे हैं ताकि छात्रों को यथासंभव समस्या का समाधान भी प्रदान किया जा सके | छात्रों को विभिन्न विषयों के वीडियो को देखकर संबन्धित असाइनमेंट भी शिक्षकों के द्वारा प्रदान किए जा रहा है, जिन्हे छात्र ऑनलाइन सब्मिशन के माध्यम से पूरा कर रहे हैं |'

इस अवसर पर जानकारी प्रदान करते हुये कैटलिस्ट कॉलेज के डीन नीरज पोद्दार ने जानकारी दी कि 'हालांकि क्लासरूम शिक्षा का कोई विकल्प नहीं है परंतु कोरोना के कारण बाधित हुई शैक्षिक गतिविधियों के मद्देनजर, छात्रो की पढ़ाई चालू रखने के लिए कॉलेज द्वारा ऐसी व्यवस्था की गई है |' वहीं सेंटर हेड मेघा अग्रवाल ने कहा कि कहा कि 'प्रत्येक क्लास के छात्रों का व्हाट्सप ग्रुप्स बनाया गया है, जिसमे सभी संबन्धित वीडियो लेक्चर्स तथा स्टडी मेटेरियल्स पोस्ट किए जा रहे हैं |